Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Problems being faced by the farmers due to shortage and alleged black marketing of Kerosene in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव : सर, मैं आपके माध्यम से माननीय पैट्रोलियम मंत्री जी का ध्यान एक समस्या की ओर आकृट करना चाहता हूं कि बिहार में केरोसिन तेल की बहुत किल्लत हो रही है। जितनी रिक्वायरमेंट है, उससे कम तेल की आपूर्ति वहां की जा रही है जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर कालाबाजारी हो रही है और ब्लैक में 30 रुपये और 28 रुपये प्रति लीटर तेल बिक रहा है। इससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। पटना कैपिटल के शहरी इलाकों से जुड़ा हुआ जो देहाती इलाका है, वहां और ज्यादा किल्लत हो रही है। पूरे बिहार में हायतौबा मची हुई है, किसानों को बहुत परेशानी हो रही है। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आप इस पर जरूर कोई ठोस कार्रवाई करेंगे और इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए वहां की कमी को दूर करेंगे। हालांकि कालाबाजारी रोकना राज्य सरकार का मामला है लेकिन अभी भी अगर प्रोपर ढंग से कालाबाजारी रोकी जाए तो लोगों को राहत मिल सकती है। इतने बड़े पैमाने पर कालाबाजारी हो रही है कि आम लोगों को केरोसिन तेल नहीं मिल रहा है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वह इस ओर ध्यान दें।